रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

123

423 (IGP)

# 2023

# समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# SOCIOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :**
**Directions :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 31 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
There are in all 31 questions in this question paper. All questions are compulsory.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 9 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No. 1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 9 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 10 से 19 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए।
Question No. 10 to 19 are to be answered in about 40 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 20 से 27 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
Question No. 20 to 27 are to be answered in about 100 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 28 से 31 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
Question No. 28 to 31 are to be answered in about 250 words each.

(viii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक थे - 1

(i) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले (ii) श्री नारायण गुरु

(iii) पेरियार (iv) महात्मा गाँधी

The founder of 'Satyashodhak Samaj' was -

(i) Jyotirao Govindrao Phule (ii) Sri Narayana Guru

(iii) Periyar (iv) Mahatma Gandhi

(ख) 'द वेल्थ ऑफ नेशन्स' पुस्तक के लेखक हैं- 1

(i) थॉमस रोबर्ट माल्थस (ii) एडम स्मिथ

(iii) बी.आर. अम्बेडकर (iv) एम.एन. श्रीनिवास

The author of book 'The Wealth of Nations' is -

(i) Thomas Robert Malthus (ii) Adam Smith

(iii) B.R. Ambedkar (iv) M.N. Srinivas

(ग) अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम पारित किया गया- 1

(i) 1950 में (ii) 1973 में

(iii) 1989 में (iv) 2006 में

The Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act was passed in -

(i) 1950 (ii) 1973

(iii) 1989 (iv) 2006

(घ) 'सामुदायिक पहचान' आधारित होती है- 1

(i) जन्म पर (ii) अर्जित योग्यता पर

(iii) उपलब्धि के आधार पर (iv) इनमें से कोई नहीं

'Community Identity' is based on -

(i) birth (ii) acquired qualifications

(iii) accomplishment (iv) none of these

(ङ) किस संविधान संशोधन के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू की गयी- 1

(i) 108 वें (ii) 42 वें

(iii) 93 वें (iv) 73 वें

Which constitutional amendment provided a three-tier system of Panchayati Raj -

(i) 108th (ii) 42nd

(iii) 93rd (iv) 73rd

(च) प्रवसन करने वाले मजदूरों को कहा गया है - 1

(i) काश्तकार (ii) भूमिहार

(iii) बँधुआ मजदूर (iv) घुमक्कड़ मजदूर

Migrant Workers have been termed as -

(i) Agriculturists (ii) Bhumihars

(iii) Bonded labour (iv) Footloose labour

(छ) प्रिन्ट मीडिया का उदाहरण है- 1

(i) समाचार पत्र (ii) इंटरनेट

(iii) टेलीविजन (iv) रेडियो

The example of print media is -

(i) Newspaper (ii) Internet

(iii) Television (iv) Radio

(ज) निम्नांकित में से कौन एक पारिस्थितिकीय आन्दोलन है- 1

(i) चिपको आन्दोलन (ii) असहयोग आन्दोलन

(iii) तिभागा आन्दोलन (iv) मिजो आन्दोलन

Which one of the following is an Ecological movement -

(i) Chipko movement (ii) Non-cooperation movement

(iii) Tebhaga movement (iv) Mizo movement

2. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी थी? 1

What was the population of India as per 2011 census?

3. 'आदिवासी' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है? 1

What is the literally meaning of term 'Adivasi'?

4. 'सती' प्रथा के विरुद्ध अभियान चलाने वाले समाज सुधारक का नाम बताइए। 1

Name the social reformer who undertook the campaign against 'Sati' pratha.

5. औपनिवेशिक काल में विकसित हुए भारत के दो नगरों के नाम बताइए। 1

Name the two cities of India developed during colonial period.

6. महिलाओं के लिये पहला विद्यालय कहाँ खोला गया था? 1

Where was the first school for women opened?

7. हरित क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है? 1

Green revolution is related to which field?

8. भारत में उदारीकरण की नीति कब प्रारम्भ हुई? 1

When did the policy of liberalisation started in India?

9. भारत की वित्तीय राजधानी किसे कहा जाता है? 1

Who is known as financial capital of India?

10. पितृवंशीय नातेदारी का क्या अर्थ है? 2

What is meant by patrilineal kinship?

11. बाजार विनिमय से आप क्या समझते हैं? 2

What do you understand by market exchange?

12. साम्प्रदायिकता के कोई दो दुष्परिणाम बताइए। 2

State any two bad effects of communalism.

13. परिवर्तन की सांस्कृतिक प्रक्रिया के रूप में 'पंथनिरपेक्षीकरण' के अर्थ को समझाइए। 2

Explain the meaning of 'secularisation' as a cultural process of change.

14. संविधान के अनुसार सामाजिक न्याय का क्या अर्थ है? 2

What is the meaning of social justice according to the constitution?

15. ग्रामीण भारत में लोगों की जीविका के मुख्य स्रोत क्या हैं? 2

What are the major sources of livelihood for people in rural India?

16. कृषक समाज की विशेषताएं बताइए। 2

State the characteristics of agrarian society.

17. नियोजित औद्योगीकरण का क्या अर्थ है? 2

What is meant by planned industrialization?

18. 'मास मीडिया' से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए। 2

What is meant by 'Mass Media? Clarify.

19. बारदोली सत्याग्रह तथा चम्पारन सत्याग्रह का मूल कारण क्या था? 2

What was the root cause of Bardoli Satyagrah and Champaran Satyagraha?

20. भारत में जनजातियों का वर्गीकरण किस प्रकार किया गया है? 3

How have tribes been classified in India?

21. जनजातियों के प्रति भेदभाव मिटाने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the initiatives taken by the government to eradicate discrimination against tribes.

22. उदाहरण की सहायता से 'पण्यीकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 3

Clarify the meaning of 'commoditisation' with the help of example.

23. संस्कृतिकरण की प्रक्रिया किस तरह जाति गतिशीलता को प्रभावित करती है? 3

How does the process of Sanskritisation affect caste mobility?

24. भारतीय राजनीति में दबाव समूहों की भूमिका का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the role of pressure groups in Indian politics.

25. उदारीकरण की नीति ने भारतीय उद्योगों को किस प्रकार प्रभावित किया है? 3

How has policy of liberalisation affected Indian industries?

26. जनसंचार के माध्यम के रूप में टेलीविजन के महत्व का आकलन कीजिए। 3

Assess the importance of television as a medium of mass communication.

27. सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक आन्दोलन में अन्तर बताइए। 3

Differentiate between Social change and Social movements.

28. भारत में जनसंख्या वृद्धि के क्या कारण हैं? स्पष्ट कीजिए। 5

What are the causes of population growth in India? Clarify it.

**अथवा / OR**

भारत की जनसंख्या नीति के बारे में आप क्या जानते हैं? विस्तार से समझाइए।

What do you know about population policy in India? Explain in detail.

29. सांस्कृतिक विविधता का क्या अर्थ है? भारत को एक अत्यन्त विविधतापूर्ण देश क्यों माना जाता है? 5

What is meant by cultural diversity? Why is India considered to be a very diverse country?

**अथवा / OR**

क्षेत्रवाद क्या होता है? आमतौर पर यह किन कारकों पर आधारित होता है? समझाइए।

What is regionalism? What factors is it usually based on? Describe.

30. भारत की संरचना पर उपनिवेशवाद के प्रभावों की चर्चा कीजिए। 5

Discuss the effects of colonialism on the structure of India.

**अथवा / OR**

नगरीकरण को परिभाषित कीजिए तथा भारत में नगरीकरण की प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए।

Define Urbanisation and describe the process of urbanisation in India with example.

31. भूमण्डलीकरण से आप क्या समझते हैं? भूमण्डलीकरण के सकारात्मक परिणामों की विवेचना कीजिए।

What do you understand by globalisation? Discuss the positive consequences of globalisation. 5

**अथवा / OR**

भारत में भूमण्डलीकरण से उत्पन्न होने वाली प्रमुख समस्याओं की विवेचना कीजिए।

Discuss the major problems arising out of globalisation in India.

*****